## संक्षिप्त

### शिविर का आयोजन

**टोंक।** प्रेरणा ग्रुप ऑफ टोंक व सीडीसी डांस एंड जुम्बा स्टूडियो टोंक संयुक्त तत्वाधान में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं और बच्चों के लिए 2 दिवसीय योगा एंड जुम्बा शिविर का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला टोंक में किया गया। शिविर के प्रथम दिन लगभग 70 महिलाओं और बालिकाओ ने शिविर का लाभ उठाया, शिविर संयोजिका रेखा जाजू ने बताया की आज की व्यस्त जीवन शैली में महिलाए सिर्फ अपने आपको समय नहीं दे पा रही है, उनका पूरा समय परिवार और सामाजिक जिम्मेदारियों में पूरा हो जाता है, इसके चलते वे अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान नहीं दे पाती। इस शिविर में साक्षी जैन ,मिताली ,शालिनी ,वेदांशी ,मीनाक्षी ,मनीषा ,ज्योति ,पम्मी ,योगिता ,प्रियांशी ,मोंटी ,नेहा ,नीतू ,जो की रेगुलर एक्सरसाइज करती हे के साथ ही कई महिलाए उपस्थित रही। शिविर का समापन आज योग दिवस पर होगा।

### लगातार 2 घंटे झमाझम बारिश

**निवाई।** प्रदेश में मानसून के प्रवेश के दूसरे दिन शुक्रवार को निवाई शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 125 एमएम बारिश दर्ज की गई है। तेज बारिश के चलते पहाड़ पर झरने चलने से मौसम मनोरम हो गया है। गुरुवार की देर रात से शुरू हुई रिमझिम बारिश का दौर सुबह करीब 9 बजे तक चला। इसके बाद रिमझिम बारिश झमाझम बारिश में परिवर्तित हो गई। करीब 2 घंटे तक झमाझम बारिश हुई। उसके बाद शाम तक कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होती रही। बारिश की दिनभर झड़ी लगी रहने से आषाढ़ में सावन का एहसास होने लगा। तेज बारिश के चलते शहर की सडक़ें नदियां बन गई लगातार बारिश के चलते शुक्रवार को शहर की अधिकतर बाजार बंद रहे। बारिश होने के साथ ही तापमान में गिरावट आ गई और गर्मी से राहत मिली।

### योग अभ्यास सत्र का आयोजन

**टोंक।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पूर्व विधायक व पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में दुर्गा पैराडाइज (कंकाली माता मंदिर के सामने टोंक) में योग गुरु सत्यनारायण नामा के मार्गदर्शन में भव्य योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज, एक लाख से अधिक लोग करेंगे योगाभ्यास

**टोंक।** ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 आज मनाया जा रहा है। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत टोंक जिले में एक लाख से अधिक लोग योगाभ्यास करेंगे। जिला प्रभारी सचिव महावीर प्रसाद मीना ने जिला प्रशासन द्वारा योग दिवस पर की गई तैयारियां को लेकर शुक्रवार को

- **एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत टोंक जिले में एक लाख से अधिक लोग योगाभ्यास करेंगे**

**जिला प्रभारी सचिव महावीर प्रसाद मीना ने जिला प्रशासन द्वारा योग दिवस पर की गई तैयारियां को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली।**

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली तथा अधिकारियों को सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, एडीएम रामरतन सौंकरिया, सीईओ परशुराम धानका समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर किया जाएगा। इसके तहत तहसील टोंक में डॉ. बी.आर. अंबेडकर खेल स्टेडियम के इंडोर हॉल में, देवली तहसील में बीसलपुर बांध पर, मालपुरा उपखंड की डिग्गी तहसील में विजय सागर की पाल, नगर फोर्ट तहसील में मांडकलां, उनियारा तहसील के हाथी भाटा पर योगाभ्यास किया जाएगा। साथ ही, जिले के सभी प्रमुख कस्बों एवं ग्राम पंचायतों में भी बड़ी संख्या में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में अपने आसपास आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हो और इसे अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य एवं मजबूत बनाता है।

# स्वायत्त शासन विभाग ने दी गृह एवं नगरीय विकास कर पर छुट

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग ने गृह कर एवं नगरीय विकास कर में एकमुश्त राशि जमा करवाने पर शास्ति में छुट प्रदान की है। इस सम्बंध में विभाग के निदेशक इन्द्रजीत सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार आगामी 30 सितम्बर तक सम्पूर्ण बकाया गृह कर आवासीय व व्यावसायिक भूखण्डों एवं भवनों का एकमुश्त जमा कराने पर मूल गृह कर की राशि पर 50 प्रतिशत की छुट एवं शास्ति पर शत-प्रतिशत की छुट प्रदान की जायेगी।

- **30 सितम्बर तक जमा करवाने पर मूल बकाया में मिलेगी 50 प्रतिशत की छुट**
- **कोटपूतली नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत किये जाने के बाद यूडी टैक्स जमा किये जाने को आवश्यक किया**

साथ ही वर्ष 2024-25 तक के नगरीय विकास कर की राशि एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति पर शत-प्रतिशत छुट रहेगी। जिन प्रकरणों में वर्ष 2011-12 से पूर्व का नगरीय विकास कर बकाया है। उन प्रकरणों में एकमुश्त जमा कराने पर उस अवधि के नगरीय विकास कर में शास्ति की छुट के साथ मूल बकाया में 50 प्रतिशत की छुट प्रदान की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद ने 31 मार्च 2025 तक 02.35 करोड़ यूडी टैक्स जमा किया था।

प्रोजेक्ट इंचार्ज जसवंत सिंह ने बताया कि इसमें 30 व 31 मार्च 2025 को अन्तिम दो दिनों में रिकॉर्ड 48 लाख रूपये यूडी टैक्स जमा किया गया था। जबकि 29 मार्च तक यह राशि 01.87 करोड़ थी। जो कि वर्ष 2023-24 में वसूले गये कुल यूडी टैक्स 01.58 करोड़ रूपये से कुल 29 लाख रूपये ज्यादा थी। इस वर्ष यूडी टैक्स वसूले जाने को लेकर विभिन्न व्यापारिक संस्थानों, औधोगिक ईकाईयों व अन्य भूखण्डों को 5285 डिमांड नोटिस व 2293 लीगल नोटिस जारी किये गये थे। दरअसल में कोटपूतली नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत किये जाने के बाद यूडी टैक्स जमा किये जाने को आवश्यक किया गया है।

इसी के चलते इस वित्तीय वर्ष के अन्त में ब्याज व शास्ति पर सम्पूर्ण छुट प्रदान की गई थी। साथ ही मार्च के अन्तिम सप्ताह में ही यूडी टैक्स वसूले जाने में तेजी लाई गई थी। इस वर्ष अभी तक 4800 नोटिस बांटे गये है एवं 24 लाख की वसूली की जा चुकी है। प्रोजेक्ट इंचार्ज जसवंत सिंह ने बताया कि यह छुट नागरिकों के लिये बड़ी राहत है, क्योंकि इससे उन्हें अपने बकाया करों का भुगतान बिना किसी बोझ के करने का मौका मिल रहा है।

### प्रदर्शन 23 जून को

**फुलेरा।** प्रांतिय कार्यकारणी, राजस्थान पेंशनर समाज जयपुर के अव्हान केन्द्र सरकार को पूर्व पेंशनर्स और वर्तमान पेंशनर्स में विभेद करने का अधिकार प्राप्त हो जाने के विरोध में राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा द्वारा 23 जून को प्रात: 11:30 बजे उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक को ज्ञापन देगें।

# इंटरप्रिटिशन सेंटर बीजक रोड विराटनगर पर होगा योग

निरीक्षण करते एसडीएम ।

**पावटा।** 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। शुक्रवार को विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान ने 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय समारोह की तैयारियों का अवलोकन किया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया।

जानकारी देते हुए विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान ने बताया कि विराटनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उपखंड स्तरीय समारोह इंटरप्रिटिशन सेंटर बीजक रोड विराटनगर में मनाया जायेगा। विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देश दिया सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं।

उन्होंने आयोजन स्थल की सफाई, मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी और प्राथमिक चिकित्सा जैसी जरूरी सुविधाओं को लेकर भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस बार के योग दिवस की थीम योग से स्वास्थ्य, योग से सशक्त समाज तय की गई है। कार्यक्रम में स्कूली छात्र, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और आम लोग मौजूद रहेंगे। इस दौरान उनके साथ आयुष चिकित्सक राजेंद्र वर्मा, नगरपालिका जेईएन हरिसिंह कुम्हार सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बावड़ी वाले बाबा का 2 दिवसीय वार्षिक उर्स कूल की रस्म के साथ सम्पन

**मनोहरपूर।** पुरानी सड़क के पास वाली बावड़ी में स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बावड़ी वाले सैय्यद बाबा का दो दिवसीय वार्षिक उर्स कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न हो गया। दरगाह के खादीम सलीम शाह उर्फ छित्तर बाबा ने बताया कि उर्स की शुरुआत 19 जून गुरुवार को झंडे की रस्म के साथ में हुई इसी के साथ में जायरिनों का आना शुरू हुआ। इसके बाद में बाबा के शाम को चिराग रोशन किया गया रात्रि 10 बजे बाद में राजस्थान की मशहूर कव्वाल सिकंदर वारसी एन्ड कव्वाल पार्टी द्वारा महफिले शमा का आयोजन किया गया जिसमें एक से बढ़कर एक कव्वाली सुनाकर जायरिनों को खुश कर दिया। शुक्रवार 20 जून को सुबह 4 बजे कूल की रस्म हुई इसी के साथ में पत्रकार और सराहनीय कार्य करने वाले तथा दूर दराज के आए हुए सूफियों का इस्तक़बाल किया गया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/कार्यों हेतु कार्यपालक इंजीनियर (कारखाना) लोको – अजमेर के कार्यालय से ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। **निविदा सं.:** 05-वर्कशॉप-अजमेर-2025-26, **कार्य का नाम:** अजमेर-रिनोवेशन एण्ड आगमेन्टेशन ऑफ एगजिस्टिंग मेन्टेनेन्स फेसिलीटीज व्हीलशॉप, बोगी शॉप, सपोर्ट शापस एण्ड ऑफिसेज टू केटर टू एनएमजीएचएस कन्वरजन वर्क एट कैरिज वर्कशॉप, अजमेर, **अनुमानित लागत:** रु.30520805.13, **धरोहर राशि/बिड सिक्यूरिटी:** रु.302600/-, **निविदा की अंतिम तिथि:** 15.07.2025 को 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। **721-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/कार्यों हेतु कार्यपालक इंजीनियर (कारखाना) लोको अजमेर के कार्यालय से ई-निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। **1. निविदा सं.:** 04- वर्कशाप-अजमेर-2025-26, **कार्य का नाम:** इम्प्रुवमेन्ट' इन वेगन मेंटेनेन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर एट अजमेर डीजल लोको एण्ड वेगन वर्कशाप एण्ड अपग्रेडेशन आफ मेंटेनेन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर फेसिलिटीज आफ वेगन रिपेयर शॉप एट लोको वर्कशाप अजमेर, **अनुमानित लागत:** रु. 68058063.39, **धरोहर राशि/बिड सिक्यूरिटी:** रु.490300.00, **निविदा की अंतिम तिथि:** 16.07.2025 को 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हैं। **723-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक : पट्टा शा०/न.नि.भ./2025-26/5059-5060 सार्वजनिक सूचना दिनांक : 19.06.2025

नगर निगम द्वारा स्टेट ग्रान्ट एक्ट का पट्टा 128 दिनांक 01.10.2021 श्री रशीद खां पुत्र भगवत, निवासी मौहल्ला गोपालगढ, भरतपुर के नाम जारी किया गया है। श्री रशीद खां द्वारा अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत दिनांक 21.12.2020 से उक्त भूखण्ड क्षेत्रफल 198.76 वर्गगज में से 20×20 क्षेत्रफल 44.44 वर्गगज को श्री ताज मौहम्मद पुत्र स्व. बसीर खां को वसीयत अनुसार पूर्व में ही दे दिया गया था तथा शेष क्षेत्रफल 152.24 वर्गगज श्री रफीक मौहम्मद पुत्र स्व. रशीद खां को कर दिया गया है। अब आवेदक श्री रफीक मौहम्मद व श्री ताज मौहम्मद उक्त भूखण्ड में से अपने-अपने हिस्से का उप विभाजन व नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदक के पक्ष में उप-विभाजन कर नाम हस्तान्तरण आवेदकान् के पक्ष में किये जाने की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (फ.स.), चौमूँ (जयपुर)**

क्रमांक:- 149-160 दिनांक:-19-6-25

**निविदा सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति में निम्नलिखित व्यवस्थायें / कार्य करवाने हेतु ठेके देने के लिये इच्छुक निविदादाता / बोलीदाता फर्मों /व्यक्तियों से निविदायें/ बोली आवेदन आमंत्रित किये जाते है:-

| क्र. सं. | कार्य / व्यवस्था का नाम | ठेके की अवधि | ठेके हेतु प्रक्रिया | निलामी बोली दिनांक एवं निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जल एवम् प्रकाश व्यवस्था के संचालन हेतु | एक वर्ष | निविदा | 26.06.2025 |

जल एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 12.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हों) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा / नीलामी से सम्बंधित अन्य विस्तृत विवरण, शर्तें व जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन की जा सकती है। DAM2526A0218

सचिव, कृषि उपज मंडी समिति (फ.स.), चौमूं जयपुर

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

क्रमांक :- 5820-31 दिनांक :-20/6/2025

**निलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पुलिस सवाई माधोपुर में विविध/ जनरल स्टोर, पुलिस लाईन, स0मा0 में उपलब्ध नकारा / नष्टीकरण योग्य सरकारी सामान जिसकी लागत 7,12,373/- रूपये (अक्षरे सात लाख बारह हजार तीन सौ तिहतर रूपये मात्र) की निलामी की जानी है। उक्त निलामी की खुली बोली दिनांक 07.07.2025 को प्रातः 12 बजे पुलिस लाईन, सवाई माधोपुर में गठित कमेठी द्वारा सार्वजनिक निलामी की जावेगी। अतः ईच्छुक खरीददार / बोलीदाता को जरिये विज्ञिप्त सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला सवाई माधोपुर

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (अनाज), चौमूँ (जयपुर)**

क्रमांक 316-26 दिनाक: 19.06.2025

**निविदा सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति में निम्नलिखित व्यवस्थायें / कार्य करवाने हेतु ठेके देने के लिये इच्छुक निविदादाता फर्मों / व्यक्तियों से दिनांक 27.06.2025 को प्रातः 11.30 बजे तक निर्धारित निविदा प्रपत्र में बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य/व्यवस्था का नाम | ठेके की अवधि | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू.में) |
|---|---|---|---|
| 1 | किसान कलेवा योजना के संचालन हेतु | एक वर्ष | 6.00 |
| 2 | जल एवम् प्रकाश व्यवस्था के संचालन हेतु | एक वर्ष | 2.00 |

प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 12.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हों) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से सम्बंधित अन्य विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट व www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन की जा सकती है। DAM2S26A0214

सचिव प्रशासक

**न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जिला जयपुर**

क्रमांक/भू.अ./2025/1778-79 दिनांक-20/6/25

**आम सूचना**

जरिये प्रार्थना पत्र प्रार्थी कार्तिकेय सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह जाति राजपुत निवासी हरसौली तहसील दूदू द्वारा मृतक खातेदार किशन सिंह पुत्र दान सिंह जाति राजपुत सा0 कैरिया बुजूर्ग खातेदार के नाम दर्ज खाता स0 40 कुल किता 04 रकबा 19.05 हैक्ट में हिस्सा सम्पूर्ण वाके ग्राम धांधोली की विरासत का नामान्तरण मृतक खातेदार के बजाय कार्तिकेय सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह के पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोलने की कार्यवाही उपपंजीयक जयपुर पंचम द्वारा पंजीबद्ध वसीयत दिनांक 25.05.2023 के आधार पर कार्यालय हाजा में प्रकरण संख्या 01/2024 अन्तर्गत धारा 135(2) राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 विचाराधीन है।

मृतक खातेदार किशन सिंह पुत्र दान सिंह जाति राजपुत सा0 हरसौली बुजूर्ग खातेदार तह0 दूदू की दिनांक 11.12.2023 को ही मृत्यु हो चुकी है। विधिक वारिसान व वसीयत के गवाहान् द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्रो के आधार पर मृतक खातेदार के बजाय कार्तिकेय सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह जाति राजपुत निवासी हरसौली तहसील दूदू के पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोले जाने पर किसी व्यक्ति को कोई आपति/दावा/हक अथवा अन्य कोई वसीयत हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में स्वयं अथवा प्लीडर के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे। कोई दावा/आपति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा। सूचित रहे।

तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जयपुर

**कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, प्रा० स्वा० केन्द्र हिंगवाहेड़ा(तिजारा) खैरथल-तिजारा**

क्रमांक :2025/82 दिनांक-18/6/2025

**खुली निविदा सूचना**

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ०स्वा०केन्द्र हिंगवाहेड़ा(तिजारा) खैरथल- तिजारा द्वारा निम्न सेवायें उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि रू | निविदा शुल्क रूपये | बोली प्रपत्र प्राप्ती की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कम्प्यूटर ऑपरेटर मैन विद मशीन(संविदा) | 150000.00/- | 3000.00/- | 100.00/- | 28.06.2025 12.00 PM | 28.06.2025 1.00 PM | 28.06.2025 2.00 PM |
| 2 | लेब टेक्निशियन | 150000.00/- | 3000.00/- | | 28.06.2025 12.00 PM | 28.06.2025 1.00 PM | 28.06.2025 2.00 PM |
| 3 | साफ सफाई कार्य सामग्री सहित | 140000.00/- | 2800.00/- | | 28.06.2025 12.00 PM | 28.06.2025 1.00 PM | 28.06.2025 2.00 PM |

नियम एवं शर्ते-

1. निविदाएँ दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चैक, समस्त वांछित डॉक्युमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैकर्स चैक राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसाइटी, राबड़का के नाम से व तिजारा शाखा पर देय होगा। दूसरा लिफाफा (ख) वित्तीय बिड का होगा जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।
2. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 28.06.2025 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 28.06.2025 को दोपहर 2.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध में समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

सचिव राज मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथ0 स्वा0 केन्द्र राबड़का, तिजारा

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 63/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री कौशलेन्द्र मिश्रा पुत्र श्री अरविन्द मिश्रा निवासी 3/56 यूआई.टी. कॉलोनी, आलमपुर भिवाडी, जिला खैरथल तिजारा ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1969 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री दुर्गा मंदिर बीडीआई धमार्थ सेवा ट्रस्ट, फ्लेट नम्बर 1011 एमरॉल्ड 1 बीडीआई सनसाई सिटी, तहसील टपूकडा, जिला खैरथल-तिजारा के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 19 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तिया, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तिया नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जायेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 20.08.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 64/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री रमेश पुत्र श्री फतेह सिंह बहादुरगढ़, निवासी झज्जर, हरियाणा-124507 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत न्यू लाईफ नशा मुक्ति फाउण्डेशन ट्रस्ट, बिलाहेडी (नियर पावर हाउस), औधोगिक क्षेत्र, भिवाडी, तहसील टपूकडा, जिला खैरथल तिजारा के सम्बन्ध में जाच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युका प्रन्यास जिसकी जाच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तिया नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्म अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 20.08.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

**कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर**

सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302007

क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2025/444 दिनांक-19/6/2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय की विज्ञिप्त संख्या 43 दिनांक 10.02.2023 को श्री नोशाद व गुलफाम कुरैशी मकान नं. 128 रहीम मंजिल की गली लकड़ी वालो का मोहल्ला एम.आई. रोड़ जयपुर क्षेत्रफल पंजिकृत विक्रय पत्र की सार्वजनिक आपत्ति सूचना जारी की गई थी। प्राप्त आवेदन पर जोन कार्यालय द्वारा कार्यवाही करते हुए मकान नं. 128 रहीम मंजिल की गली कड़ी वालो का मोहल्ला एम.आई. रोड़ जयपुर का प्रार्थी के नाम से पट्ठा जारी कर दिया गया था। उक्त आपत्ति सूचना व पट्ठे में सहवन से मकान नं. 135 के स्थान पर 128 दर्ज हो गया था जो विक्रेता पक्ष का मकान नम्बर है। इसे मकान नं. 128 के स्थान पर 135 संशोधित करते करने हेतु पराधीन है।

अतः उक्त मकान के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी/गैर सरकारी संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के दिन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।

उपायुक्त, किशनपोल जोन
नगर निगम जयपुर (हैरिटेज)

**विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

आदेश 5 के नियम 1 और 5

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जोबनेर जि.जयपुर

**गोविन्दराम बनाम गीतादेवी वगैरह**

वाद पत्र सं. 15/2022

वाद विभाजन एवं स्थायी निषेधाज्ञा

बनाम-1- गोरादेवी पुत्री ईसरा, 2- रूकमीदेवी पुत्री ईसरा 3- अनुराधा पुत्री स्व. लादूराम 4- संजू पुत्री स्व. लादूराम, 5-सरिता पुत्री स्व.लादूराम समस्त जाति कुमावत निवासी आसलपुर तहसील जोबनेर जिला जयपुर राज. 10-तहसील जोबनेर जिला जयपुर

उपरोक्त आपके विरूद्ध उपरोक्त के बाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 9/7/25 को दिन में 10 बजे दावे का उतर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है आप न्यायालय मे स्व्यं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्पक अनुदेश दिये गये हो और जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और दाखिल/सुजराई का दारवा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति मे हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराईक दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रतिष्ठ करे।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा।

यह वाद ता. 13/6/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मद्रा से लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत

आज्ञा से-रीडर
उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर

**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2025-26/4763-764 सार्वजनिक सूचना दिनांक : 16.06.2025

आवेदकान् श्रीमती अनीता रानी यादव पत्नी डॉ० ज्ञान चन्द यादव एवं श्री गौरव यादव पुत्र डॉ० ज्ञान चन्द यादव निवासी-B-5, न्यू सिविल लाइन्स, निकट सारस चौराहा, भरतपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 5, योजना आनन्द नगर, सारस होटल के पास, भरतपुर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 256.75 वर्गगज/214.67 वर्गमीटर का आवासीय से व्यावसायिक में भू-उपयोग परिवर्तन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पट्टा विलेख क्रमांक 10094 दिनांक 07.08.2013, नगर निगम, भरतपुर जारी नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 445-46 दिनांक 15.07.2020 की प्रति, भवन निर्माण स्वीकृति क्रमांक 13024 दिनांक 11.03.2022 की प्रति, टोटल स्टेशन सर्वे की 4 प्रति, गूगल मैप सुपर इम्पोज की दो प्रति, आधार कार्ड आदि दस्तावेजों की प्रतियाँ तथा भू-उपयोग परिवर्तन कराने हेतु 3 साइट प्लान प्रस्तुत किये हैं। भू-उपयोग आवेदन पत्र व मानचित्र में अंकित आवेदित भूखण्ड का क्षेत्रफल 256.75 वर्गगज/214.67 वर्गमीटर का आवासीय से व्यावसायिक में भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो